**Regarding need for establishment of cowshed (Gaushala) in every district of the country- laid**

**डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) :** आज मैं सरकार के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्या तो रख ही रहा हूँ मैं समझता हूँ यह देश व्यापी समस्या है । अत्यंत दु:ख होता है जब हम राजमार्गों पर चलते हैं और वहां बेसहारा गोवंश को भटकते हुए देखते हैं तो मन अत्यंत व्यथित होता है । वही पीड़ा मैं आज सदन से साझा कर रहा हूँ, पहला निवेदन मेरा आमजनों से है कि गोवंश को बेसहारा होने ही नहीं दें क्योंकि इन्ही गोवंश से हमें दूध मिलता है, इन्ही के गोबर से जैविक खाद बनती है । सेवा भाव से नहीं तो कम से कम अपने ही स्वार्थ के लिए गोवंश को बेसहारा न होने दें । दूसरा आग्रह मेरा सरकार से है कि इन गोवंश को संरक्षित व संवर्धित करने के लिए प्रत्येक जिले में 200 एकड़ भूमि में सर्व सुविधायुक्त गोशाला बने तथा वहां कार्यरत कर्मचारियों अथवा सेवा कर्मियों के गोपालन से सम्बंधित ही रोजगार की कोई योजना बने । ऐसा करने से गोवंश भी संरक्षित होंगे और होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में भी भारी कमी आएगी ।